टेलीफोन /TEL.: 0755 2550345 फैक्स/ FAX: 0755 2552743
ईमेल / E-mail: isunitbhopal@gmail.com , gsmcbhopal@gmail.com

निदेशक (प्रमुख) का कार्यालय
मौसम केंद्र, अरेरा हिल्स, भोपाल - 462011
Office of the Director (Head)
Meteorological Centre, Arera Hills, Bhopal - 462011

भारत मौसम विज्ञान विभाग
INDIA METEOROLOGICAL DEPARTMENT

क्रमांक / No. MC BHOPAL IS-04/STR(P)/ 113 दिनांक/Date: 11/02/2025

महोदय / महोदया,

**विषय-** भाग(1) : मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में निम्नांकित कार्यों के संबंध में कोटेशन आमंत्रित करने की सूचना हेतु।
भाग(2) : मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले में निम्नांकित कार्यों के संबंध में कोटेशन आमंत्रित करने की सूचना हेतु।

**भाग(1) : राजगढ़**

कृपया इस पत्र के साथ संलग्न वेधशाला के प्रारूप के अनुसार राजगढ़ जिले के कलेक्ट्रेट परिसर में वांछित कार्य का विवरण देखें -

1. प्रवेश द्वार सहित 10×10 वर्ग मीटर के क्षेत्र में 1.5 मीटर ऊंचाई तक बाड़ लगाना ।
2. वेधशाला के अंदर प्रवेश द्वार से लेकर विभिन्न उपकरण स्थलों तक कंक्रीट/ईट का रास्ता ।
3. विंडवेन एवं एनीमोमीटर के लिए 1.5 फीट x 1.5 फीट कंक्रीट बेस और जमीन से 5 फीट ऊंचाई तक जुड़ी सीढ़ियों के साथ 10 फीट ऊंचे खंभे ।
4. 2x2x2 घन फीट का ठोस आधार पर रेन-गेज इंस्टालेशन ।
5. जिला चिकित्सालय से बैरोमीटर को डिस्मेंटल करना एवं नवनियुक्त कक्ष में पुनः लगाना लकड़ी का कार्य ।
6. अंशकालीन प्रेक्षण कक्ष की सामने की दीवारों, एंट्री गेट आदि की पेंटिंग।
7. कोठी बाग क्षेत्र से एडब्ल्यूएस टावर को हटाना और परिवहन (डाक बंगला रोड द्वारा 5 किमी की दूरी) ।
8. एडब्ल्यूएस टावर के लिए 3x3x5 घन फीट का कंक्रीट बेस एवं कलेक्ट्रेट परिसर में नवीन स्थल पर एडब्ल्यूएस टावर की पुर्नस्थापना। (आकृति आरेख देखें)
9. निचले स्थानों को रेत-मिट्टी से भरना एवं समतल करना ।
10. बिंदु 7 के अंतर्गत उल्लिखित सामग्री सहित 5.5 फीट की गहराई पर भूमिगत एडब्ल्यूएस टावर की अर्थिंग।
11. 15फीटx12फीट कमरे के अंदर लकड़ी के कार्य के साथ विभाजन विवरण निम्नानुसार:
    क) नया लकड़ी का काम - 120 वर्ग फीट, दरवाजे और खिड़की के साथ।
    ख) मौजूदा एल्यूमीनियम फ्रेम वाली दीवार में दरवाजे और खिड़की का प्रावधान (संलग्न साइट मानचित्र देखें)।

**भाग(2) : शाजापुर**

कृपया इस पत्र के साथ संलग्न वेधशाला के प्रारूप के अनुसार शाजापुर जिले के कलेक्ट्रेट परिसर **(एआरजी साइट)** एवं केवीके गिरवर परिसर **(सतह वेधशाला साइट)** में वांछित कार्यों का विवरण देखें–

1. कलेक्ट्रेट परिसर **(एआरजी साइट)** में स्वचालित वर्षामापी हेतु प्रवेश द्वार सहित 05x05 वर्ग मीटर के क्षेत्र मे 1.5 मीटर ऊंचाई तक समुचित अंतराल पर लोह ऐंगल (मोटाई 4 मिमी या अधिक होनी चाहिए जिसमे 5 सेमी क्रॉस-सेक्शन समकोण पर मुड़ा हुआ हो ) के साथ हाई क्रॉस-नेट वाली ( वायर गैज 3 मिमी या उससे ज्यादा होना चाहिए ) बाड़ लगाना |
2. दोनों स्थानों पर वेधशालों के अंदर प्रवेश द्वार से लेकर विभिन्न उपकरण स्थलों तक कंक्रीट/ईट का रास्ता |
3. कृषि विज्ञान केंद्र, गिरवर मे स्थापित हो रही सतह वेधशाला साइट मे विंडवेन एवं ऐनीमोमीटर के लिए 1.5 फीट x 1.5 फीट कंक्रीट बेस और जमीन से 5 फीट ऊंचाई तक जुड़ी सीढ़ियों के साथ 10 फीट ऊंचे खंबे | (कुल 2 खंबे)
4. 2x2x2 घन फीट का ठोस आधार पर दोनों स्थानों मे क्रमशः साधारण रेन-गेज और टीबीआरजी का इन्स्टलैशन |
5. बेरोमीटर को नवनियुक्त कक्ष मे लगाना- लकड़ी का कार्य |
6. अंशकालीन प्रेक्षण कक्ष की दीवारों, दरवाजे आदि की पेंटिंग, कमरे का आकार (10 फीट x 14 फीट) |
7. कलेक्ट्रेट परिसर में नवीन स्थल पर एआरजी पोल के लिए 3x3x5 घन फीट का कंक्रीट बेस एवं टीबीआरजी बेस के साथ 3 मीटर ऊंचे पोल की स्थापना |

Extended till 17/04/2025
[signature] 08/04/2025

[signature] 11.02.2025